# भारतपोल (BHARATPOL) पोर्टल

[स्रोत: TH](#)

भारत के केंद्रीय गृह मंत्री ने भगोड़ों का पता लगाने तथा तेजी से अंतर्राष्ट्रीय सहायता उपलब्ध कराने में भारतीय अन्वेषण एजेंसियों **की दक्षता बढ़ाने हेतु 'भारतपोल' (BHARATPOL) पोर्टल** लॉन्च किया है।

- **भारतपोल (BHARATPOL) पोर्टल:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) द्वारा विकसित यह पोर्टल केंद्रीय और राज्य एजेंसियों को रियल टाइम जानकारी साझा करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) **से जुड़ने की सुविधा प्रदान करता है** तथा यह पिछली प्रणाली को प्रतिस्थापित करता है, जिसमें **केवल CBI को यह पहुँच प्राप्त थी।**
  - भारतपोल **साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी** और **मानव तस्करी** जैसे बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रभावी रूप से समन्वित करता है।
  - यह पोर्टल रेड नोटिस तथा अन्य इंटरपोल नोटिसों से संबंधित कार्रवाई को तेज़ करेगा, जिससे **क्षेत्रीय स्तर के पुलिस अधिकारियों के लिये अपराधों से निपटना सरल** हो जाएगा।
- **क्षमता निर्माण**: CBI को भारतपोल के प्रयोग पर राज्यों को प्रशिक्षण देने तथा प्रभावी सुनवाई हेतु तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने का कार्य सौंपा गया है।

**और पढ़ें:** इंटरपोल के नोटिस

# इंटरपोल

## परिचय




- आधिकारिक नाम: अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (International Criminal Police Organization-ICPO: INTERPOL)
- स्थापना: वर्ष 1923
- सदस्य राज्य: 195
  - भारत वर्ष 1956 से इसका सदस्य है।
- मुख्यालय: लियॉन, फ्राँस
- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है।

## उद्देश्य

- यह विभिन्न पुलिस बलों से प्राप्त सूचनाओं के संग्रह और प्रसार के माध्यम से दुनिया भर में पुलिस बलों की आपराधिक जाँच की सुविधा प्रदान करता है।
  - इसके पास गिरफ्तारी जैसी कानून प्रवर्तन शक्तियाँ नहीं हैं।

## संरचना

- अध्यक्ष (इंटरपोल का प्रमुख)- 4 वर्ष के लिये चुना जाता है।
- महासचिव (दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों की देखरेख करता है) - 5 वर्ष के लिये चुना जाता है।
- **विशेष निदेशालय - साइबर अपराध, आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, वित्तीय अपराध, पर्यावरण अपराध, मानव तस्करी आदि जैसे विशिष्ट मुद्दों से संबंधित है।**
- महासभा: सर्वोच्च शासी निकाय (वर्ष में एक बार बैठक)।
  - भारत ने वर्ष 2022 में इंटरपोल महासभा की मेजबानी की।

## इंटरपोल के नोटिस

- इंटरपोल द्वारा जारी किया जाने वाला नोटिस सदस्य देशों में पुलिस को अपराध से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा करने में सहयोग या अलर्ट (Alert) के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुरोध होता है।

## इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (NCB)

- NCB, इंटरपोल के लिये नामित संपर्क बिंदु होते हैं।
- भारत का इंटरपोल NCB - **केंद्रीय अन्वेषण जाँच ब्यूरो (CBI)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bharatpol-portal